# कोविड-19 से प्रभावित अस्पताल में भर्ती मरीज़ों के लिये जानकारी

कोविड-19 छोटी मोटी  बीमारियों  से लेकर किसी गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है

कोविड -19 से ग्रस्त होने के कारण आपको अस्पताल में इसलिए भरती किया गया कि हम आपकी सांस की गति को मॉनिटर कर सकें।  सांस लेने की लिए आपको ऑक्सीजन की सहायता लेनी पड़ सकती है। और कुछ मामलों में आपको सांस दिलाने वाली मशीन वेंटिलेटर पर रखा जा सकता है। यदि इसके अलावा कोई और लक्षण या सिम्पटम दिखाई पड़ते हैं तो हम उन पर भी निगाह रखेंगे।

यहाँ ये समझाने की कोशिश की गयी है कि आपका इलाज किस तरह से किया जाएगा और आपको किस तरह की सहायता दी जाएगी।

## मेरा इलाज किस तरह किया जाएगा ?

बीमारी के लक्षणों के सीधे इलाज के साथ-साथ, यह भी ज़रूरी है कि आपको होने वाले मानसिक अवसाद और सदमे को भी कम किया जाये। ये कार्य आपके लक्षणों के इलाज से किया जाता है।

- यदि आपको सांस लेने में कठिनाई हो रही है तो आपको शांत और आराम से रखने की कोशिश की जाएगी। लेकिन यदि आपकी हालत बिगड़ती है तो हमें उसे दवाई देनी होगी। ऐसी स्थिति में आमतौर पर मौरफ़ीन का प्रयोग किया जाएगा। मौरफ़ीन अक्सर दर्द को कम करने के लिए दी जाती है लेकिन यदि सांस लेने में कठिनाई हो तो भी इसका प्रयोग किया जा सकता है।
- मौरफ़ीन के द्वारा खांसी के लक्षणों में भी आराम मिल सकता है।
- कोविड -19 के कारण आप अक्सर चिंता या एंक्ज़ायटी के भी शिकार हो सकते है। इस स्थिति में आपको लोराज़ेपाम (Lorazepam) और मिडाज़ोलम (Midazolam) जैसी दवाएं दी जा सकती हैं।
- यदि आपको को बुखार आता है और बेचैनी की शिकायत होती है, तो ऐसे में पेरासीटामोल (Paracetamol) से राहत दी जा सकती है।

ये सभी दवाएं आपको नियमित रूप से दी जाएंगी। ये दवाएं ज़रूरत के अनुसार इंजेक्शन से भी दी जा सकती हैं। ये इंजेक्शन नसों में या फिर त्वचा या स्किन में भी दिया जा सकता है।

कुछ ज़्यादा गंभीर मामलों में, कोविड – 19 वायरस फेफड़ों को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। फेफड़े सामान्य रूप से काम करना बंद कर देते हैं।  ऐसी स्थिति में फेफड़ों में सांस पहुंचाने और उसे बाहर निकालने के लिए वेंटिलेटर का प्रयोग किया जा सकता है। ये वेंटिलेटर कई दिन तक लगाना पड़ सकता है, जब तक कि आपके फेफड़े दोबारा सामान्य गति से काम न करने लगें।

## क्या मैं ये तय कर सकता हूँ की मेरा इलाज कैसे किया जाये ?

आपको इस बारे में डॉक्टर से बात करनी चाहिए कि आपके लिए ज़रूरी क्या है। किस समय क्या कार्रवाई की जाये इस बारे में आपकी कोई प्राथमिकता हो सकती है।  उदाहरण के लिए, आपको वेंटीलेशन कब दिया जाये या फिर यदि आपके

दिल की धड़कन रुक जाती है तो दिल की गति को दोबारा से चलाया जाये अथवा नहीं। कोई मेडिकल फैसला करने से पहले डॉक्टर आपकी हालत और आपके विचारों का खयाल रखना चाहेंगे। यदि आपकी हालत बिगड़ती है तो कुछ मुश्किल फैसले जल्दी से लेने होंगे, इसलिए ये ज़रूरी है कि आप अपने विचार मेडिकल टीम को अवश्य बताएं। यदि आप तय कर पाने की स्थिति में नहीं हैं तो आप मेडिकल टीम के किसी सदस्य से बात कर सकते हैं।

## मैं उन लोगों से कैसे संपर्क कर सकता हूँ जो मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं ?

कोविड – 19 के इस संकट के दौरान अस्पताल के भीतर और बाहर एक दूसरे से दूरी बनाए रखने के लिए कठोर नियम बनाए गए हैं। इसका मतलब है कि बाहर के लोगों से आपको मिलने की इजाजत नहीं होगी। यदि किसी को आपसे मिलने की इजाजत मिलती है तो उन्हें व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनने होंगे। इन्हें PPE भी कहा जाता है, जैसे कि उन्हें फेस मास्क लगाना होगा। जहां भी संभव होगा वार्ड स्टाफ टेलीफ़ोन या विडियो कॉल से आपको उस व्यक्ति से संपर्क करवाने का प्रयास करेंगे जो आपके लिए महत्वपूर्ण है। कृपया आप वार्ड स्टाफ को ये बता दें कि आपको मिलने वाले व्यक्ति को कोई जानकारी देने में एतराज तो नहीं है या फिर आप किसी खास व्यक्ति से मिलना चाहते हैं।

## क्या मुझे अतिरिक्त सहायता मिल सकती है?

हम जानते हैं कि ये एक मुश्किल समय है। आप कैसा महसूस कर रहे हैं और आप इस बारे में बात करना चाहते हैं। आप वार्ड स्टाफ के किसी सदस्य से बात करके ये जान सकते हैं कि आपको नीचे लिखी कौन सी सेवा और सहायता मिल सकती हैं।

## स्थानीय अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं और सहायताओं की सूची

LEFT BLANK FOR HOSPITALS TO ADD DETAILS

ये सूचना सिसली सॉन्डर्स इंस्टीट्यूट, किंग्स कॉलेज, लंदन की डॉ सबरीना बाजवा द्वारा प्रस्तुत की गयी है। इस जानकारी को जुटाने के लिए अनेक सहयोगियों और मरीज़ और उनकी देखभाल करने वाले संगठनों की भी सहायता ली गयी है। इसे ERJ एडिटोरियल "Managing the supportive care needs of those affected with COVID-19" के साथ प्रयोग मैं लाया जाएगा।
सम्पादन : एस बाजवा, ए विलकोक, आर टावर्स, एम कोस्टंटिनी, सी बौस्वीन, एज़ टी साइमन, ई बैंडस्ट्रप, डब्लू प्रेण्टीस, एम जे जॉन्सन, डी सी करो, एम क्रूटर, ए यू वेल्स, , एस एस बिरिंग, पी एडमोंड्स, आइ जे हिगिन्सन। 2020
Managing the supportive care needs of those affected by COVID-19. ERJ
**https://doi.org/10.1183/13993003.00815-2020** ,
अप्रैल 2020 में प्रकाशित